प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– स्पष्ट नीतियों स बदली राज्य की तस्वीर : हर वर्ग को फायदा, हर सेक्टर का हुआ विकास।
2. किसानों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने शुरू किया भारत–विस्तार डिजिटल प्लेटफार्म : एआई की मदद से सिर्फ एक फोन कॉल पर मिलेगी हर जानकारी।
3. यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं कल से : हर परीक्षा कक्ष की वॉयस रिकार्डर वाले सीसी टीवी कैमरे के जरिये होगी निगरानी।

और

4. लखनऊ में हो रह रणजी ट्रॉफी के समीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक की टीम ने खड़ा किया 736 रनों का विशाल स्कोर : जवाब में उत्तराखंड ने खोये 5 विकेट।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के कारण राज्य की तस्वीर बदली है। लखनऊ में आयोजित एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतर चुका है। श्री योगी ने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीतियों और सुनियोजित

कार्य प्रणाली के कारण समाज का हर वर्ग लाभांवित हो रहा है और हर सेक्टर का विकास हो रहा है। बाइट......

*सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत, हर एक सेक्टर की पॉलिसी बनाकर के पॉलिसी के दायरे में यानी हम लोगों ने पॉलिसी पैरालिसिस से यूपी को बाहर करके सेक्टरल पॉलिसीज तैयार की। चौंतीस सेक्टर की हमारे पास पॉलिसीज आज के दिन पे हैं और जिसके माध्यम से देश का, दुनिया का कोई भी निवेशक आकर के अपना निवेश कर सकता है। अब फाइल कल्चर बंद हो गई। फील्ड कल्चर यूपी के अंदर हावी है और सब कुछ यूपी के अंदर दिखाई देगा।*

————————————

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर से देश के किसानों के लिए डिजिटल सहयोगी भारत विस्तार 2026 का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना–समृद्ध बनाना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से एक ही कॉल में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। श्री चौहान कहा कि सरकार का लक्ष्य फसलों का उत्पादन बढ़ाना है। बाइट......

*हमारा लक्ष्य उत्पादन बढाना उसके लिए नई–नई किस्में आईसीआर फसलों की तैयार करना, उत्पादन की लागत घटाना, मैग्नाइजेशन तकनीकी का इस्तेमाल करके कम लागत का उत्पादन कैसे हो, ताकि प्रोफिट बढ़े उसका प्रयास। किसान को उसके उत्पादन का दाम देना अगले एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की हमने कोशिश की है। मौसम की मार अगर फसल को बरबाद कर दे तो नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से करते हैं।*

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस कार्यक्रम मं वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। उन्होंने भारत विस्तार प्लेटफार्म को खेती को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।

————————

नई दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आज दूसरा दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस एक्सपो को विचार, नवाचार और इरादों का एक सशक्त संगम बताया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई और शिक्षा, एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश,ज्ञान केंद्रित समाज बनने की दिशा में अग्रसर है। बाइट.....

*भारत की नई पीढ़ी को एआई इनेबल शिक्षा हमारा दायित्व है। काफी उत्साह से लोग इस समिट में पार्टिसिपेट कर रहे हैं। एआई इन एजुकेशन, एजुकेशन इन एआईभारत की परंपरागत ज्ञान से लेकर वैश्विक ज्ञान तक एआई को यूज करके, हमें अपने स्टूडेंट को अपनी नई जेनरेशन को कैसे ज्यादा इंपोर्ट करें, टीचर्स को जैसेइंपोर्ट करें, स्कूल मैनेजमेंट कॉलेज मैनेजमेंट को ठीक करें। ये प्रायोरिटी के विषय बन चुके हैं।*

————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के सातवें दिन आज विधानसभा में बजट पर चर्चा जारी रही। भाजपा विधायक अनुपमा जयसवाल ने कहा कि इस बार का बजट विकसित भारत–विकसित यूपी का बजट है। वहीं प्रश्नकाल

के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य डॉ. संग्राम यादव ने प्रदेश में अपराध की स्थिति और उसकी रोकथाम के लिए हो रहे प्रयासों पर सवाल किया। जवाब में प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में अपराध दर में कमी आई है और सरकार अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*सरकार पूरी तरीके से इस बात के लिए सचेत है। स्टैंडिंग ऑर्डर्स भी हैं कि कहीं भी किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत न दी जाए और जो भी लोग इसकी चेष्टा करें, उसके खिलाफ पहले निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। निरोधात्मक कार्रवाई से मान्यवर अपराध कम होते हैं और कन्विक्शन से मान्यवर अपराध कम होते हैं। कन्विक्शन रेट भी हमारा लगभग तिरानबे परसेंट है।*

विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने राज्य में बिजली व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए किसानों को समय पर बिजली न मिलने के मुद्दे पर हंगामा किया। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जवाब में बताया कि सरकार ने उत्पादन, वितरण और ट्रान्समिशन के क्षेत्र में काफी काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगम देश की रेटिंग में अच्छे स्थान पर हैं।

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

**पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

**——————————**

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद– यूपीबोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं कल से शुरु हो रही है। इसी क्रम में प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस बार हाईस्कूल और इंटर में करीब 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी हिस्सा ले रहे है। प्रदेश भर में 8 हजार 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 222 अति संवेदनशील 183 संवेदनशील और 18 जिल संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किए गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। बाइट......**

*आठ हज़ार तैंतीस केंद्रीय व्यवस्थापक, आठ हज़ार तैंतीस बाहरी केंद्रीय व्यवस्थापक, आठ हज़ार तैंतीस स्टेटिक मजिस्ट्रेट और बारह सौ दस सेक्टर मजिस्ट्रेट, चार सौ सत्ताईस जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। पचहत्तर जनपदीय स्तरीय और अठारह वरिष्ठ अधिकारियों को मंडल स्तरीय पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है। जो नवीन व्यवस्थाएं की गई हैं, वो है सभी जनपदों, परीक्षा केंद्रों पर आकस्मिकता की स्थिति में सभी विषय, हेतु, प्रश्न पत्रों के अतिरिक्त रिजर्व सेट की भी व्यवस्था की गई है।*

परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 2024 लागू किया गया है, जिसके तहत अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

यूपीबोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र के हर कक्ष में वॉयस रिकॉर्डर युक्त 2 सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर और हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाए गए हैं, जिससे वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। बाइट......

*प्रश्न पत्रों की सुरक्षा करने के लिए, उनका प्रकटन रोकने के लिए स्ट्रांग रूम प्रत्येक केंद्र पर बनाया गया है, जिसमें डेडिकेटेड अलमारियां हैं। लाइव वेबकास्ट की व्यवस्था की गई है, प्रत्येक परीक्षा केंद्र की। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में जो परीक्षा कक्ष हैं और परिसर है, उसमें सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनमें वॉयस रिकॉर्डर भी है। इनको देखने के लिए लखनऊ में दो कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बने हुए हैं। प्रयागराज में एक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बना हुआ है। तीन हमारे राज्य स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर हैं।*

———————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने इस वर्ष से लागू दसवीं की नई बोर्ड परीक्षा योजना के तहत पात्रता नियमों पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि केवल वे छात्र जो पहली परीक्षा में काम से कम तीन विषयों में शामिल होंगे उन्हें ही दूसरी परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी। बोर्ड ने यह भी बताया कि दूसरी परीक्षा केवल कुछ विशेष श्रेणियां के विद्यार्थियों क लिए है

जो छात्र पहली परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और अपने अंक सुधारना चाहते हैं वह इंप्रूवमेंट कैटेगरी के तहत पुनः परीक्षा दे सकते हैं।

————————

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र आज अयोध्या पहुंचे। बैठक में शामिल होने के पहले मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या आएंगी और वह लगभग 4 घंटे राम मंदिर परिसर मे रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति निर्माण कार्य में शामिल रहे 400 श्रमिकों को सम्मानित करेंगी।

————————

लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबले का आज तीसरा दिन था। आज का खेल खत्म होने तक कर्नाटक की टीम पहली पारी में 736 रन पर आल आउट हो गई। कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने 232 रन बनाए। उत्तराखंड की ओर से आदित्य रावत ने चार जबकि मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी उत्तराखंड ने आज दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 149 रन बना लिए हैं। उत्तराखंड के बल्लेबाज लक्ष्य राय चंदानी 52 रन पर नाबाद है।

(समाप्त)